# नगर निगम ने कराया सेनेटाइजेशन का कार्य, नगर आयुक्त ने सेनेटाइजेशन के कार्य का किया निरीक्षण

(ऑडिशन टाइम्स)

**शाहजहाँपुर** कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर में विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। जिसके दृष्टिगत जोन-1 के अन्तगत सफाई एवं खादय निरीक्षक पवन कुमार द्वारा दिलाजाक, गदियाना, सिचिल लाइन, दुर्घटना न्यायालय, ऑफीसर्स कॉलोनी, कचहरी, बाडुजई पेशाचरी, कलेक्ट्रेट, रामनगर कॉलोनी, सुभाषनगर कॉलोनी, आवास विकास

## हारेगा कोरोना-जीतेगें हम

कॉलोनी, लोधीपुर, निसरजई में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन - 2 के अन्त्रगत सफाई एवं खादय निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा छोटी सब्जी मण्डी, बहादुरगजं, सदर बाजार, खिरनीबाग, लाला रामचरन धर्मशाला, मशीनरी मार्केट एवं घनी बस्तियों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन-3 के अन्त्रगत- सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल द्वारा खलीलगर्दी, हुण्डालखेल, सी0एम0ओ0 ऑफिस,अलीजई में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन - 04 के

अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट शमशानघाट, बक्सरियां, रगमहला, जिला सहकारी बैंक, मुजफ्फरगजं, मत्तानी घूरन तलैया, अब्दुललागजं, किला एवं अन्य क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन- 5 के अन्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा अहमदपुर नियाजपुर, रेती रोड, दलेलगजं, रोशनगजं, बसंत बिहार कॉलोनी, हाण्डा कॉलोनी, ख्वाजा फिरोज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलों, मुख्य आजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर के मो - खिरनीबाग एवं आस-पास के क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा खिरनीबाग एवं आस-पास के क्षेत्रों में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया गया। नगर आयुक्त द्वारा समस्त महानगर बासियों से कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने व एक-दूसरे से 02 गज की दूरी अवश्य बनाये रखने व फेस मास्क का उपयोग करने की अपील की गई। इसी कम में नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर क्षेत्र के मो- खलीलगर्वी, हुण्डालखेल में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य को अपनी देख-रेख में कराया गया। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमगंल उपस्थित रहे।